## खास-खबरें

### डॉ. पीयूष दुबे बने एलबीएस कॉलेज के प्राचार्य



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** स्थानीय श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. इंद्रा दुबे के पूर्णकालिक सेवानिवृत्त होने के बाद उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार डॉ. पीयूष दुबे को महाविद्यालय का नया प्राचार्य नियुक्त किया गया। वे अब तक उप प्राचार्य का दायित्व निभा रहे थे। वहीं एलबीएस लॉ कॉलेज के प्राचार्य का दायित्व आर.आर. द्विवेदी को सौंपा गया है। इसकी घोषणा बासौदा शिक्षा समिति के सचिव शांतिप्रकाश ओसवाल ने संस्था के अध्यक्ष डॉ. विमलचंद ओसवाल की अनुशंसा पर की।

### आबकारी विभाग ने अवैध शराब का बड़ा जखीरा किया जब्त



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** आबकारी उपनिरीक्षक संजय इवने के नेतृत्व में वृत्त विदिशा 'अ' क्षेत्र में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर दुर्गानगर चैराहा स्थित रेमण्ड शोरूम के पीछे एक मकान पर छापामार कार्रवाई की गई। तलाशी के दौरान आरोपित राहुल प्रजापति, पिता गोटीराम, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम शोनाखेजड़ा के कब्जे से दो प्लास्टिक की बोरियों में रखी कुल 418 पाव अवैध देशी मसाला मदिरा बरामद की गई। जब्त मदिरा की कुल मात्रा 75.24 बल्क लीटर पाई गई। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक संजय इवने के साथ आबकारी आरक्षक पवन गौर, राहुल राठौर, प्रमोद धुर्वे एवं प्रीति परिहार का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा।

### थाना परिसर में हुआ पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरूंदाः** वार्ड क्रमांक-12 की पूर्व पार्षद आशा शर्मा की पहल पर बुधवार को थाना भैरूंदा परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन, नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने 15 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) रोशन कुमार जैन, थाना प्रभारी घनश्याम दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना, सीएमओ आर.पी. भावरे, पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र परिहार, जिला भाजपा महामंत्री अमित मीणा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने कहा कि थाना परिसर को हरा-भरा बनाए रखना केवल प्रशासन ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पौधारोपण के साथ उनकी नियमित देखभाल पर भी जोर देते हुए कहा कि पौधों का संरक्षण ही इस अभियान की वास्तविक सफलता है।

### भारत विकास परिषद सीहोर शाखा द्वारा मनाया गया सीए और डॉक्टर्स डे



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** भारत विकास परिषद सीहोर शाखा के सदस्यों द्वारा बुधवार को शहर के प्रतिष्ठित सीए एवं डॉक्टर्स का सम्मान कर सीए दिवस एवं डॉक्टर्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 33 वर्ष पूर्व सीए बने शहर के वरिष्ठ सीए सुशील मंत्री, शहर की प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. पुष्पा कनौजिया, संस्था के संरक्षक सदस्य सीए सुमित झँवर एवं संस्था के सदस्य दंत चिकित्सक डॉ. गगन नामदेव जी का पुष्पमाला, दुपट्टा, श्रीफल एवं नीम, गुलाब का पौधा भेंट कर सम्मान किया गया। सभी को भारत को जानो पुस्तक भेंट कर सीए दिवस एवं डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी गईं। शुभकामनाएं देने वालों में भारत विकास परिषद के प्रांत सह सचिव रवि ठकराल, सीहोर शाखा के अध्यक्ष रितेश राठौर, सचिव नवीन सोनी, अंकुश जैन, शोभा चांडक, सुनीता सोनी, दिनेश वर्मा, सुरेश नेमा,सुधीर कौशल, महेंद्र कौशल एवं परिषद के सभी सदस्य उपस्थित रहे। सम्मानित सभी अतिथियों ने संगठन को समय-समय पर सहयोग देते रहने की बात कही।

### खाद्य पदार्थों के नमूने लिए



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में ब्लिंकिट स्टोर के निरीक्षण में खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राजस्व विभाग तथा नापतोल विभाग के अधिकारियों ने स्टोर में उपलब्ध खाद्य सामग्री की गुणवत्ता एवं मानकों का परीक्षण कर विभिन्न खाद्य उत्पादों के नमूने एकत्रित किए। इनमें अमूल बफैलो मिल्क, अमूल टोंड मिल्क, अमूल लस्सी शुगर फ्री, फॉरच्यून ब्रांड का बेसन तथा फॉरच्यून ब्रांड की सूजी शामिल हैं। यह संयुक्त कार्रवाई डिप्टी कलेक्टर मोतीलाल अहिरवार की निगरानी में की गई।

# चाकूबाजी के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग, सर्व समाज पहुंचा एसपी कार्यालय



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** शहर की प्रभा विहार कॉलोनी में 27 जून की रात हुए जानलेवा हमले के मामले में बुधवार को सर्व समाज और माली समाज के प्रतिनिधियों ने एसपी विनोद कुमार मीना के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सीएसपी जितेंद्र भास्कर को दिया गया। इसमें आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। दरअसल, 27 जून की रात करीब 10:30 बजे प्रभा विहार कॉलोनी में मनोज प्रजापत, उनके पिता सत्यनारायण प्रजापत और परिवार पर पड़ोसी जाबिर उर्फ जाबिर बादर, जिशान बादर और रेहाना उर्फ रानू बादर ने कथित तौर पर गाली-गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी और चाकू से हमला किया था। हमले में मनोज प्रजापत के सीने में चाकू लगा, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं उनके पिता सत्यनारायण प्रजापत के सिर पर ईंटनुमा पत्थर से हमला किया गया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जाबिर अक्सर शराब के नशे में घर के बाहर बैठकर गाली-गलौज करता था। घटना वाले दिन भी महिलाओं के सामने अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने से मना करने पर विवाद बढ़ गया। इसके बाद आरोपियों ने पूरे परिवार पर हमला कर दिया। परिवार की महिलाओं, जिनमें एक गर्भवती महिला भी शामिल थी, के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

ज्ञापन देने पहुंचे सर्व समाज और माली समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह घटना केवल एक परिवार पर हमला नहीं, बल्कि क्षेत्र की कानून व्यवस्था और सामाजिक शांति के लिए गंभीर चुनौती है। उनका कहना है कि गंभीर धाराओं में मामला दर्ज होने के बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे लोगों में डर का माहौल है। उन्होंने आरोपियों के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की भी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

**ये रखीं प्रमुख मांगेंः** ज्ञापन में आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, पुलिस रिमांड लेकर गहन पूछताछ, विवेचना के दौरान आवश्यक अतिरिक्त धाराएं जोड़ने, आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच और आदतन अपराधी घोषित करने की कार्रवाई की मांग की गई है। इसके अलावा आरोपियों की अवैध गतिविधियों, अवैध हथियार, नशीले पदार्थों के कारोबार और आर्थिक गतिविधियों की जांच कराने की भी मांग की गई। संगठनों ने आरोपियों की संपत्तियों, अवैध निर्माण और अतिक्रमण की जांच, अपराध में सहयोग करने वालों पर कार्रवाई, पीड़ित परिवार और गवाहों को सुरक्षा देने, प्रभा विहार कॉलोनी में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने और क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की भी मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि किसी समाज, वर्ग या समुदाय विशेष को निशाना बनाना उद्देश्य नहीं है। मांग केवल दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष, त्वरित और सख्त कानूनी कार्रवाई की है। पुलिस पहले ही आरोपी पक्ष के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर चुकी है। सीएसपी जितेंद्र कुमार भास्कर ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है और उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले की जांच भी जारी है।

## प्रतिबंध के बावजूद अवैध रेत खनन पर कार्रवाई, सात वाहन जब्त




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** रेत खनन एवं परिवहन पर प्रतिबंध के बावजूद ग्राम मंडी क्षेत्र में चल रहे अवैध उत्खनन के खिलाफ खनिज विभाग ने मंगलवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए सात वाहन जब्त किए। जब्त वाहनों में दो जेसीबी, तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली, एक अतिरिक्त ट्रॉली और एक लोडर शामिल हैं। सभी वाहनों को थाना भैरूंदा के सुपुर्द कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

खनिज विभाग के अनुसार, ग्राम मंडी में लंबे समय से मशीनों की मदद से अवैध रेत उत्खनन और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से परिवहन किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने तड़के दबिश देकर मौके पर कार्रवाई की।

खनिज निरीक्षण अधिकारी खुशबू वर्मा के मार्गदर्शन में हुई कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने बताया कि 26 जून से 1 अक्टूबर तक रेत खनन एवं परिवहन पर प्रतिबंध लागू है। इसके बावजूद नियमों का उल्लंघन कर अवैध गतिविधियां संचालित की जा रही थीं।

खनिज विभाग ने बताया कि जब्त वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज नियम, 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने चेतावनी दी है कि अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कलेक्टर ने नटेरन के विभिन्न कार्यालयों का किया आकस्मिक निरीक्षण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने नटेरन खंड मुख्यालय स्थित विभिन्न शासकीय कार्यालयों एवं संस्थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने विभागीय कार्यप्रणाली, नागरिक सेवाओं की उपलब्धता तथा शासन की योजनाओं एवं सुविधाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में सुधार एवं लंबित कार्यों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने तहसील कार्यालय नटेरन के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय एवं नायब तहसीलदार न्यायालय में लंबित एवं प्रचलित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने राजस्व विभाग से संबंधित जनसुनवाई आवेदनों एवं समय-सीमा के अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों की भी समीक्षा की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नटेरन का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं, दवा उपलब्धता, साफ-सफाई तथा मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को बेहतर उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### पेयजल आपूर्ति व्यवस्था- आरओ प्लांटों की होगी व्यापक समीक्षा

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने समीक्षा बैठक में जिले में संचालित आरओ प्लांटों की निरीक्षण रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी आरओ प्लांटों की अद्यतन सूची तैयार कर संबंधित एसडीएम, नगरीय निकायों के अधिकारियों तथा ऊर्जा विभाग को उपलब्ध कराई जाए, ताकि विभिन्न विभागों के स्तर पर आवश्यक जांच, सत्यापन एवं निगरानी की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि जिले के अनेक क्षेत्रों में आरओ प्लांटों के माध्यम से नागरिकों को पेयजल आपूर्ति की जा रही है। कलेक्टर ने आरओ प्लांटों की स्थापना संबंधी अनुमतियां, विद्युत कनेक्शन की स्थिति, जल स्त्रोत, जल गुणवत्ता परीक्षण, संचालन एवं रखरखाव व्यवस्था, पेयजल वितरण प्रणाली तथा अन्य तकनीकी एवं प्रशासनिक जानकारियों के संकलन पर विशेष बल दिया।

## राहगीर अभियान के तहत संभागायुक्त ने किया धामनिया दीवान का निरीक्षण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** उज्जैन संभागायुक्त आशीष सिंह ने बुधवार को ग्राम धामनिया दीवान पहुंचकर राहगीर अभियान के तहत खेतों तक जाने वाले मार्गों से हटाए गए अतिक्रमण और विकसित किए गए रास्तों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर अदिति गर्ग, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन, एसडीएम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो रास्ते अभी राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं हैं, उनका नियमानुसार सर्वे कर रिकॉर्ड में शामिल किया जाए, ताकि भविष्य में किसानों के आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि खेतों तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

संभागायुक्त ने किसानों से संवाद कर राहगीर अभियान के प्रभाव और खेतों तक पहुंचने में आने वाली समस्याओं की जानकारी ली। किसानों ने जनसहयोग से राशि एकत्र कर मार्गों को बेहतर बनाने के प्रयासों की जानकारी दी, जिसकी उन्होंने सराहना की।

गौरतलब है कि राहगीर अभियान के तहत अतिक्रमण हटाकर खेतों तक जाने वाले रास्तों को व्यवस्थित किया जा रहा है। इससे किसानों को कृषि कार्यों के लिए आवागमन में सुविधा मिल रही है और खेती-किसानी के कार्य पहले की अपेक्षा अधिक सुगमता से संपन्न हो रहे हैं।

## लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड ने डॉक्टर्स डे और सीए डे पर सम्मान समारोह आयोजित किया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड द्वारा डॉक्टर्स डे (चिकित्सक दिवस) और सीए डे (चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस) के विशेष अवसर पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मंच पर क्लब के अध्यक्ष लायन मनोज मित्तल, कोषाध्यक्ष लायन वीरेंद्र सिंह चौहान, ज़ोन चेयरमैन लायन संजय पारीक और कार्यक्रम संयोजक लायन सुदीप दास मंचासीन रहे। अतिथियों ने नए प्रोफेशनल्स का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें देश और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

क्लब अध्यक्ष लायन मनोज मित्तल ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि डॉक्टर और सीए समाज के दो मजबूत स्तंभ हैं, और नए प्रोफेशनल्स का सम्मान करना क्लब के लिए अत्यंत गर्व की बात है।

इस गरिमामयी कार्यक्रम में इस वर्ष नए बने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और डॉक्टर्स को उनकी इस बड़ी उपलब्धि के लिए लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड द्वारा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रमुख रूप से डॉ. दीपक मकवाना, डॉ. निशांत पटेल, डॉ. जिज्ञासा बरोड, डॉ. लवी उकावत गुप्ता, डॉ. निकी मिनारिया, डॉ. रन सिंह तंवर एवं डॉ. हिमांशु परमार तथा सीए रितेश पारीक, सीए अक्षिता राठौर, सीए निशि पालीवाल, सीए निशिता सोमानी, सीए पार्थ छापरवाल, सीए शिवम काबरा एवं सीए महीका अग्रवाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ सदस्यों और शहर के प्रबुद्ध जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से लायन राजकुमार पारीक, लायन किशोर अग्रवाल, लायन विनोद उकावत, लायन नरेश पाटनी और लायन दिनेश बाबानी शामिल थे। उपस्थित सभी सदस्यों ने नए डॉक्टर्स और सीए को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन लायन विजय पलोड़ ने किया तथा आभार लायन सुदीप दास ने व्यक्त किया।

### एडीप योजना के शिविर में 50 दिव्यांगजनों का पंजीयन

**गंजबासौदा।** एडीप योजना के तहत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को जनपद पंचायत बासौदा के सभागार में खंड स्तरीय चिन्हांकन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में एलिम्को, उज्जैन की विशेषज्ञ टीम ने दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरणों के लिए चिन्हांकन किया। शिविर में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे करीब 50 दिव्यांगजनों का परीक्षण किया गया। पात्र हितग्राहियों का कान की मशीन, ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, छड़ी, वॉकर, रोलेटर, कैलिपर्स सहित अन्य सहायक उपकरणों के लिए पंजीयन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीतू देवेंद्रसिंह रघुवंशी, जनपद सीईओ श्रीमती तपस्या जैन, नगर पालिका सीएमओ अशोक वर्मा, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी राहुल पंथी, मोनिका भार्गव, सपना राजपूत, सुनीता जैन, सुशील रिछारिया सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डॉक्टर्स डे पर मेगा हेल्थ कैंप व रक्तदान शिविर, चिकित्सकों का सम्मान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुरः** डॉक्टर्स डे के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ जबलपुरम एवं परम्बा नेत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में मेगा हेल्थ चेकअप कैंप, स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और चिकित्सक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच और परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखन घनघोरिया ने समाज सेवा और जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। आयोजन का नेतृत्व रोटरी क्लब के अध्यक्ष प्रसून मिश्रा एवं सचिव दीपक वर्मा ने किया। इस अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. अतुल शोले, डॉ. हर्ष राय और डॉ. नितिन सोनी का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

शिविर में नेत्र, दंत एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ ब्लड प्रेशर और शुगर की नि:शुल्क जांच की गई। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन सोनी ने आंखों की देखभाल और नियमित जांच के महत्व पर नागरिकों को जानकारी दी।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में युवाओं और रोटरी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। आयोजन के सफल संचालन में परम्बा नेत्रालय की मेडिकल टीम, रोटरी क्लब के पदाधिकारियों, सदस्यों और स्वयंसेवकों का सक्रिय सहयोग रहा।

**स्पेशल खबर** जनप्रतिनिधियों ने की योग सेवा की सराहना...

# नारी शक्तियों ने योग शिक्षकों का भव्य सम्मान समारोह किया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** नगर में नारी शक्तियों द्वारा आयोजित योग शिक्षकों का भव्य सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुरेश राय उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अरुण राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा द्वारा की गई। नृत्य प्रस्तुति चित्राशी यादव ,सुनयना रावत बालिकाओं द्वारा की गई।

समारोह में लगभग 50 से अधिक गणमान्य नागरिकों एवं योग साधकों की उपस्थिति में योग शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षिका छाया यादव ने योग के महत्व, उसके वैज्ञानिक लाभ तथा दैनिक जीवन में योग को अपनाने की आवश्यकता पर सरल एवं प्रेरणादायक जानकारी दी। साथ ही उन्होंने योग के कर्म, उद्देश्य एवं जीवन में उसकी उपयोगिता को विस्तारपूर्वक समझाते हुए संक्षिप्त एवं सारगर्भित जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया कि वे वर्ष 2007 से योग से जुड़ी हुई हैं। अब तक उन्होंने सीहोर जिले के अनेक स्थानों पर नि:शुल्क योग प्रशिक्षण देकर हजारों लोगों को योग से जोड़ने का कार्य किया है। वर्तमान में भी उनके द्वारा नियमित योग कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, जिससे अनेक लोग योग का लाभ प्राप्त कर स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। मुख्य अतिथि अरुणा राय भाभी जी ने योग शिक्षकों की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन जीने की श्रेष्ठ जीवनशैली है एवं अरुण राय ने योग प्रशिक्षिका छाया यादव के समर्पण, सेवा भावना एवं समाज में योग के प्रति जनजागरण के कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि छाया यादव निरंतर निस्वार्थ भाव से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रही हैं, जो अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक कार्य है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएँ भी दीं। कार्यक्रम का सफल संचालन सोनी शर्मा द्वारा किया गया। अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों ने इस आयोजन को अत्यंत प्रेरणादायक, अनुकरणीय एवं सफल बताते हुए आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।